Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 11-02-2022 अंक 138

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# सूचना

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



रूपेश हत्याकांड को लेकर शनिवार को झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी पीड़ित परिजनों से मिलने उनके गांव जाएंगे। उक्त जानकारी भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने दी। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि राज्य में जिस प्रकार निर्मम तरीके से रूपेश हत्याकांड हुई है, वह राज्य सरकार की वि. फलता को दर्शाता है। कहा कि पूरे राज्य में इस घटना की भ्रत्सना की जा रही है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना पार्टी का उद्देश्य है। पुलिस प्रशासन तत्काल हत्यारो की गिरफ्तारी करें अन्यथा भाजपा इस लड़ाई को संवैधानिक तरीके से सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम करेगी।

## कीटनाशक दवा खाने से एक गंभीर, रेफर

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही प्रखंड अंतर्गत सूरजपुरा निवासी केदार प्रसाद मेहता उम्र 40 वर्ष पिता विष्णु मेहता ने घरेलू विवाद में आकर विषपान कर लिया। जानकारी मिलने पर परिजनो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार कर गंभीरावस्था में सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।




APEM LIVE

# हेमंत सरकार के शासन काल मे जिहादी ताकतों का मनोबल बढ़ा है, इसी का परिणाम है रूपेश हत्याकांड : रघुवर दास

## पूर्व सीएम पहुंचे नई टांड, शोकाकुल परिजनों से मिल बंधाया ढाढस, पूर्व विधायक मनोज यादव रहे शामिल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

नई टांड निवासी 17 वर्षीय स्व रूपेश पांडेय की हत्या के बाद सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दल के ने. ताओं का लगातार आगमन नई टांड में हो रहा है। इसी कड़ी में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव, बरकट्ठा के वर्तमान विधायक अमित यादव,भाजपा राज्य मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, एवम भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी के साथ शुक्रवार को अपराह्न साढ़े 12 बजे नई टांड पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिए। नई टांड में ही पत्रकारों से वार्ता करते हुए घटना की कड़ी निंदा की और इसके लिए हेमंत सरकार को जिम्मेदार ठहराया। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि वर्तमान की राज्य सरकार के शासन काल में जिहादी ताकतों की मनोबल बढ़ी है। उसी का परिणाम है रूपेश पांडेय हत्याकांड। उन्होंने कहा कि जि. हादी मानसिकता के लोग इस तरह की घटना करती है और सरकार कुछ नहीं करती है। बहुसंख्यक की धैर्य की परीक्षा नही लें, राज्य सरकार। नही तो इसका अंजाम बुरा होगा। बहुसंख्यक अब अपनी अधिकारों के प्रति सजग हैं। राज्य सरकार कानून व्यवस्था के मामले में नाकाम साबित हुई है। मामला म०ब लीचिंग से जुड़ा है। इसलिए म०ब लीचिंग के तहत केश हो। इस मामले में एसपी से बात करूंगा। कहा कि अभी टुकड़े टुकड़े गैंग और कांग्रेस पार्टी कैंडल मार्च नही निकालेगा क्योंकि मृतक बहुसंख्यक समाज की है। इनकीं दो. हरी मानसिकता को समझने की जरूरत का। उन्होंने दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी करने की मांग की है। इसके साथ ही 50 लाख मुआवजा की मांग राज्य सरकार से की। इसके अलावे भाजपा की ओर से पार्टी फण्ड से पांच लाख की सहायता राशि तीन दिन के अंदर देने की घोषणा की है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि हम सब रुपेश पांडेय को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है। दोषीयों को हर हाल में फांसी होनीं चाहिए। भाजपा इसे अंजाम तक पहुंचाएगी। मौके पर योगेंद्र प्रताप सिंह, किसलय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राज्य मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, गनेश यादव, प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, इंद्रदेव ठाकुर, जिला मंत्री भाजयुमो अजय दुबे, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, रूपेश पांडेय के पिता सिकंदर पांडेय, चाचा नागेंद्र पांडेय, अनिल पांडेय, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, कमलशंकर पंडित, रंजीत पांडेय, सागर कुमार, रिंकू साव, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार, राजेन्द्र कुशवाहा, राजेन्द्र चंद्रवंशी , किशोरी मोहन पांडेय, सुरेश पांडेय, जीवन महतो, टुन्ना चन्द्रवंशी, दिलीप कुमार, सोनु पांडेय, जितेंद्र गिरी, संतोष रजवार, बिष्णुधारी महतो, विजय यादव, बीरेंद्र सिंह, कमल शंकर पंडित, बासुदेव पंडित सहित हज़ारो लोग मौजूद थे।



मृतक के परिजन से घटना की जानकारी लेते रघुवर दास



पत्रकारों से वार्ता करते रघुवर दास



9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैंसी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन

धमाका
ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टुडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्टा को लेकर कटियौन गांव में निकाली गई कलश यात्रा

### कलश यात्रा में 251 कलश के साथ शामिल हुए श्रद्धालु, पांच दिनों तक चलेगा यज्ञ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**








बरही प्रखंड के केदारुत पंचायत अंतर्गत कटियौन गांव में शुक्रवार को श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक भव्य कलश यात्रा निक. ाली गई । कलश यात्रा में शामिल ग्रामीण कलश के साथ ढोल बाजे के साथ जय माता दी, हर हर महादेव आदि के नारे लगाते हुए एवं समस्त गांव का भ्रमण करते हुए गांव से तीन किलो मीटर दूर बराकरर नदी पहुचे । कलश यात्रा से पूर्व सभी भक्तों को विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव पूर्व मुखिया सरिता देवी, भाजपा नेता लक्ष्मी सिंह, पूर्व मुखिया प्रत्याशी अनुज सिंह सिदेशवर सिंह, सहायक अवर निरीक्षक संजय सिंह, जय सिंह, आरक्षी सत्येंद्र सिंह, नरेश सिंह, सत्येंद्र सिंह खेरौन, उपेंद्र सिंह आदि ने कलश देकर जल भरने को लेकर बराकर नदी रवाना किया । जहां यज्ञाचार्य गिरिडीह निवासी शिव शंकर पांडेय ने विधिवत गंगा पूजन कराकर कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप के लिए रवाना किया । इसके बाद कलश यात्री ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने अपने कलशों को यज्ञ मंडप में स्थापित किया । इसके साथ ही चार दिवसीय शतचंडी यज्ञ व शिव प्राण प्रतिष्ठा शुरू हो गया । यज्ञ का सारा विधि विधान यज्ञाचार्य नरेश शरण शास्त्री, धर्मदेव शास्त्री एवं अनिल पंडित के द्वारा किया जा रहा है। मालूम हो कि कटियौन गांव निवासी सेवा. निवृत मैनिग सरदार रामबृक्ष सिंह ने सेवानिवृति के बाद अपने निजी खर्च से एक शिव मंदिर का निर्माण कराया है । जिसका विधिवत कलश यात्रा निकालकर प्रतिमा स्थापित किया गया । यज्ञ को लेकर गांव में उत्साह का महौल है । वही समस्त कटियौन गांव के लोग भक्ति रस में गोते लगा रहे है । यज्ञ को लेकर शिव मंदिर यज्ञ शाला को आकर्षक ढंग से सजाया सवारा गया है । यज्ञ यजमान की भूमिका रामबृक्ष सिंह व उनकी धर्म पत्नी गिरजा देवी निभा रहे है । प्रत्येक दिन प्रवचन का भी कार्यक्रम है। कलश यात्रा में मुख्यरूप से बिनोद यादव ,सरिता देवी, लक्ष्मी सिंह, क्षत्रिय महा सभा अध्यक्ष गा. ेपाल सिंह युवा अध्यक्ष ,राज सिंह चौहान, रवि सिंह, बसंत सिंह, सिकन्दर सिंह ,ऋषि सिंह, शंकर सिंह ,अनुज सिंह, सिदेशवर सिंह, बिशेश्वर यादव, इंद्रदेव ठाकुर, दिनेश्वर सिंह ,उपेंद्र सिंह ,रणधीर सिंह, पूर्व सरपंच सत्येंद्र सिंह , त्रिभुवन सिंह नरेश सिंह रंजन सिंह चंद्रदेव सिंह अमित सिंह शंकर सिंह पत्रकार के अलावा सैकड़ो लोग शामिल थे।

## खरवार के आठ उपजाति भोगता, देशवारी, सहित अन्य को जनजाति सूची मे किया गया शामिल

### जनजाति सूची मे शामिल होने पर केंद्र सरकार को खरवार भोगता समाज ने दिया बधाई

### बीस वर्षो से भोक्ता खरवार समाज को लोगो का संघर्ष के बाद मिली बड़ी उपलब्धि

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी :**
**प्रमोद सिंह**


.सिकेन्द्र खरवार


.नरेश सिंह खरवार,


रामबृक्ष सिंह भोक्ता,

कान्हाचट्टी : राज्य सभा के बजट सत्र मे अनुसूचित जाति, जनजाति आदेश संशोधन विधेयक बिल 2022 भारत सरकार के जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा विधेयक परित किया गया। जिसमे खरवार जाति के आठ उपजातियाँ भोगता, देशवारी, गँझू, राउत, मांझीयाँ, दौलतबंदी, खैरी, पट्बंदी को (आदिवासी) जनजाति सूची के 16 नंबर पर दर्ज खरवार जाति के रूप मे मे शामिल किया गया। खरवार के सभी उपजातियों को जनजाति सूची मे शामिल होने से समाज के लोगों ने जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जनजातीय आयोग के पूर्व अध्यक्ष सह झारखण्ड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव, गृहमंत्री अमित शाह, जनजातीय राज्य के मंत्री रेणुका सिंह, चतरा सांसद सुनील सिंह, कोडरमा सांसद अनपूर्णा देवी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश आदि के प्रति कान्हाचट्टी प्रखंड के खरवार भोगता समाज के लोगों ने आभार ब्यक्त किया है।और कहा की खरवार समाज के द्वारा यह माँग पचीस वर्षो से चल रही थी जो की आज आदिवासी सूची मे शामिल होने से हमारा समाज का सपना पूरा हुआ है और हम भाजपा सरकार को बधाई देते है

**किसने क्या कहाः**

1.समाज के कदावर नेता डा प्यारे लाल ने कहा कि भोक्ता खरवार समाज को लगातार बीस वर्षो का प्रयास का फल मिला और केंद्र सरकार हमारी जाती को जनजाति में शामिल किया जिसके लिए हमारा समाज केंद्र सरकार का आभार ब्यक्त करती है।


,डॉ प्यारे लाल


बैजनाथ सिंह भोक्ता

2.कान्हाचट्टी प्रखण्ड के बेंगोकला के अमकुदर गांव निवासी और मुखिया उम्मीदवार रामबृक्ष सिंह भोक्ता ने कहा कि हमारी समाज को बीस पच्चीस वर्षो के लम्बी लड़ाई का फल मिला है।जिसमे माननीय चतरा विधायक सह मंत्री सत्यानन्द भोक्ता का भी अहम र०ल रहा है।मंत्री भोक्ता जी केंद्रीय गृह मंत्री से मिल कर भोक्ता समाज को अनुशुचित जनजाति में शामिल करने की मांग की थी जिसका परिणाम है कि आज भोक्ता खरवार जाती को जनजाति में शामिल किया गया।हमारा समाज इसके लिए मंत्री भोक्ता,रामेश्वर उरांव सहित केन्द्र सरकार का आभार ब्यक्त करती हैं।

3.शिक्षक और केंदुवासहोरा गांव निवासी नरेश खरवार ने कहा कि केंद्रीय सरकार बधाई का पात्र है जिसने हम भोक्ता खरवार जाती को अनुशुचित जाती में शामिल किया,अब हमारे समाज का विकास झारखण्ड में ज्यादा होगा।

4.बैजनाथ सिंह भोक्ता कोल्हैया पंचायत के पूर्व मुखिया तथा वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि भोक्ता जाती को जो सम्मान झारखण्ड में मिलना चाहिए वो पहले नहीं मिल रहा था अब केंद्र सरकार जब हम जनजाति समाज मे शामिल किया है तो ऊचित हक हमे और हमारे समाज को मिलेगा।

5.खरवार समाज के केंद्रीय सचिव सिकन्दर सिंह खरवार ने कहा कि हमारे समाज की लंबी लड़ाई के बाद यह हक मिला है जिसका श्रेय केंद्रीय सरकार को जाता है।हमारा समाज केंद्र सरकार का आभार ब्यक्त करता है।

## सेलहारा स्कूल में बाल संसद का गठन, नीलम संभालेंगी प्रधानमंत्री का दायित्व

### बाल संसद के गठन से बच्चों में बढ़ता है नेतृत्व क्षमता रू जनार्दन वर्मा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



मवि सेलहारा में लो. कतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के तहत बाल संसद का गठन किया गया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए एसआरपी जनार्दन प्रसाद वर्मा बताया कि सर्वप्रथम सभी वर्गो को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मानते हुए 60 सांसदों का चयन किया गया। बच्चों के बीच लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मंत्री पदों के लिए नामांकन, चुनाव चिन्ह आवंटन एवं गुप्त मतदान के जरिए 11 मंत्रालय का गठन किया गया। चुनावी प्रक्रिया में प्रधानमंत्री पद का दायित्व नीलम कुमारी संभालेंगी वही उप प्रधानमंत्री नगमा कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री सोनाक्षी कुमारी,उपस्वास्थ्य मंत्री फैजान अंसारी, स्वच्छता मंत्री तरन्नुम खातुन, उपस्वच्छता मंत्री इमरान, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री सूरज कुमार, उपसुरक्षा एवं न्याय मंत्री अनिता, पोषण मंत्री निखत खातुन, उपपोषण मंत्री गुलाब्सा खातुन,उपस्थिति मंत्री मो. निका, उप उपस्थिति मंत्री नीरज पांडेय, शिक्षा मंत्री पुष्कर कुशवाहा, उपशिक्षा मंत्री विनीता,कौशल विकास मंत्री संजना,उप कौशल विकास मंत्री शाहजहां,पर्यावरण मंत्री दीपा कुमारी,उपपर्यावरण मंत्री पीयूष कुमार,खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री डेविड कुमार, उपखेलकूद एवं संस्कृति मंत्री नूरेन खातुन,सूचना एवं संपर्क मंत्री संध्या,उपसूचना एवं संपर्क मंत्री सुमित यादव,अध्यक्ष भारती कुमारी एवं नेता प्रतिपक्ष मुस्कान कुमारी के रूप में चयनित हुए। श्री वर्मा ने कहा कि बाल संसद के गठन से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है. एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी मिलती है. प्रधाना ध्यापक रामखेलावन रविदास ने कहा बच्चों में जिम्मेवारी निर्वहन हेतु अधिकार एवं कर्तव्य इसके माध्यम से मिलता है।मौके पर जन्मेजय सिंह,बिजय कुमार, राजेंद्र रविदास,रामचंद्र साहु, राक. ेश सिंह,विजय प्रसाद,डैजी कुमारी,रंगीना कुमारी उप. स्थित थे.

## पूर्व सीएम रघुवर दास मंडल अध्यक्ष के आवास पहुंच दी स्व महावीर साहू को श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


स्व महावीर साहू को श्रद्धांजलि देते रघुवर दास एवं अन्य

झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बरही के पूर्व प्रत्याशी रहे स्व महावीर साहू के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि स्व महावीर साहू का निधन कुछ महीनों पहले लंबी बीमारी के बाद हो गई थी। स्व महाबीर साहू एवं पूर्व सीएम रघुवर दास एक साथ भाजपा संगठन में काम किए थे। दोनो में काफी मधुर संबंध थे। इस वजह से जब वे बरही पहुंचे तो अपने पुराने साथी को नही भूले और उनके आवास पहुंचकर उन्हें याद किए। रघुवर दास रूपेश हत्याकांड की जानक. ारी लेने एवं शोकाकुल परिवार से मिलने नई टांड पहुंचे थे। इसी क्रम में तेली टोला में मंडल अध्यक्ष अमित साहू के घर पहुंचे ,जहां अमित साहू एवं अन्य भाजपाइयों ने पूर्व सीएम का स्वागत किया। स्व महावीर साहू मंडल अध्यक्ष अमित साहू के पिता हैं। ज्ञात हो कि बरही चौक पर भी उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, प्रमण्डल प्रभारी ओबीसी किशुन यादव, भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री अजय दुबे, गणेश यादव,भाजपा मीडिया सेल के सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, विजय साहू, मेवालाल केशरी,पप्पू चंद्रवंशी,मोतीलाल चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि नापो खुर्द में मनाई गई

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पुण्यतिथि मनाते भाजपाई।

बड़कागांव । भाजपा पूर्वी बड़कागांव मंडल में एकात्म मानववाद व अन्त्योदय के प्रणेता और प्रखर विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं संचालन उपाध्यक्ष अशोक साव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बारी बारी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे ।जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। रा. जनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। हमें उनके बताए मार्ग पर चलने से ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि आज के समय में उनके विचारों एवं संस्कारों को अपनाने की जरूरत है मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, मंत्री विनोद महतो, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय यादव, दामा. ेदर सिंह, महावीर राम, चिंतामणि महतो, सोना साव, मुकेश साव, ति. रथनाथ यादव, सोनू कुमार, विजय साव, बबलु कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उप. स्थित थे। वही उपस्थित भा. जपा कार्यकर्ताओं द्वारा बरही के रूपेश पांडेय की हत्या की निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई एवं सीबीआई जांच कर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग राज्य सरकार से की गई।

## प्लस टू उच्च विद्यालय में बच्चों के बीच मेडिकल हेल्थ किट का वितरण किया गया

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



मेडिकल किट वितरण करते लोग

बड़कागांव : कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए जन सेवा परिषद एवं गूंज नई दिल्ली के सहयोग से बड़कागांव के प्लस टू उच्च विद्यालय में नवम एवं दशम कक्षा के 300 बच्चों के बीच फैमिली मेडिकल किट वितरण किया गया ।प्रती किट मास्क, सैनि. टाइजर, ओआरएस घोल,एवं दवाइयों का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित चाइल्डलाइन के टीम लीडर रंजीत कुमार चौबे द्वारा बच्चों को चाइल्ड लाइन 1098 एवं कोविड-19 से बचने हेतु पूर्ण रूप से जानकारी दी गई ।बच्चों को बताया गया की जीरो से 18 वर्ष तक के किसी भी बच्चे के साथ कोई समस्या आती हो तो इसके लिए 1098 पर फोन करके तुरंत जानकारी दें । जिससे कि बच्चे सुरक्षित रहें यह सेवा 24 घंटे 365 दिन उपल. ब्ध है। तथा बच्चों को को. विड-19 से अपने आप को बचाते हुए पढ़ाई भी जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक गण एवं बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना एवं पीएम केयर योजना के बारे में जानक. ारी दी गई। जिससे कि इसका लाभ उन बच्चों को मिल सके जिन्होंने को. विड-19 के दरमियान अपने माता पिता एवं दोनों में से कोई 1 को खोया हो। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में जन सेवा परिषद संस्था सचिव राम लाल साहू, चाइल्ड लाइन टीम लीडर रंजीत कुमार चौबे,टीम मेंबर प्रमिला देवी,डालू साहू, गूलेश्वर कुमार, मेघनाथ महतो एवं विद्यालय के सभी शिक्षक गण का सराहनीय योगदान रहा।

## टिकरी टांड में ट्रांसफश्वर्मर लगा, गांव हुआ जगमग, ग्रामीण खुश

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


लगा बिजली ट्रांसफार्मर

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के ग्राम टिकरी टांड गांव में 100 केवीए बिजली ट्रांसफ०र्मर 4 फरवरी को तेज़ हवा पानी, बारिश व बिजली गर्जन से जल गया था। जिसके कारण गांव मैं पूर्ण रुप से बिजली बाधित हो गई थी पुरा अंधकारमय हो गया था। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक व बिजली विभाग के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार को अवगत कराया गया। जिसके बाद स्थानीय विधायक व कनीय अभियंता संज्ञान लेते हुए एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करायें। जिसके बाद शुक्रवार को ट्रांसफ०र्मर चार्ज करने के बाद गांव बिजली बहाल करा दी गई । ट्रांसफार्मर लगवाने मौके पर रूप से सोना साव ,देवनारायण साव, प्रभु साव, जितेंद्र साव, राजेश कुमार, संजय साव, सुरेंद्र साव,भेखलाल कुमार उर्फ दिपक,डिगेश्वर साव, आदि उपस्थित थे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन सभी छात्र छात्राओं को शामिल होने का मौका प्रदान करें 9वां दीक्षांत समारोह में - आदिवासी छात्र संघ - मांग करता है

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



आज दिनांक 11/02/2022 आदिवासी छात्र संघ के विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार धान प्रेस जारी कर बिनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग किया है कि 9वां दीक्षांत समारोह 3 मार्च को होना है उसमें सभी छात्र-छात्राओं को शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि कई वर्षों से छात्र इस समारोह का इंतजार कर रहे हैं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा केवल टॉपर छात्रों को ही शामिल किया जाना है, केजी से लेकर डिग्री लेने तक आपने पढ़ाई-लिखाई में छात्र काफी संघर्ष करते हैं कोई ट०प करता है तो कोई ट०प नहीं कर पाता है इसका मतलब यह नहीं है कि वह मेहनत नहीं किया, छात्र छात्राओं का अधिकार बनता है दीक्षांत समारोह में शामिल होने का विश्वविद्यालय प्रशासन यह अधिकार से वंचित नहीं कर सकता आदिवासी छात्र संघ मांग करती है कि सभी छात्र-छात्राओं छात्रों को शामिल किया जाय ।

## 96 वर्षीय कबीलाश देवी के निधन पर शोक

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव सोनबरसा निवासी 96 वर्षीय कबीलाश देवी के निधन पर परिवारजनों समेत समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया। दिवंगत कविलाश देवी अपने पीछे चार पुत्र और नाती पोता समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से नागेश्वर राम, शंभू राम, लक्ष्मण राम, खिरोधर राम, संतोष राम, कृष्ण देव राम, भुनेश्वर राम, संजय दास, बजरंग राम, बबलू राम, दीपक राम, अरविंद्र राम, सदन राम, बिजेंदर दास, सूरज राम, अजीत राम, अक्षय राम, विवेक राम, रुपेश राम, शंकर राम सहित दर्जनों अंबेडकर परिवार के सदस्य हैं।

## बी डी ओ और बी पी ओ ने किया मनरेगा और आवास योजना का निरीक्षण

### आवास योजना की राशि लेकर आवास निर्माण नहीं करने वालो पर होगी मुकदमा दर्ज

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टी : शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं बी पी ओ निरजंन सिंह ने प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यो की अधतन जानकारी ली ।बी डी ओ और बी पी ओ ने तुलबुल पंचायत में मन. रेगा योजना से निर्मित कूप की भी जांच की ।और विभिन्न मनरेगा कार्यो की जांच कर ज्यादा से ज्यादा मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया ।वही बी डी ओ और बी पी ओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी जांच की ।जांच के क्रम में उन्होंने लाभुकों को कहा कि जो आवास योजना का लाभ लेकर राशि जिनके खाते में जा चुका है वे जल्द से जल्द आवास को पूर्ण करें ।उन्होंने आगे कहा कि पैसा लेकर कार्य नहीं करने वालो पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## सोसल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज भेजने वाले को जेल भेजा जाएगा- एसडीपीओ

**लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



शरारती तत्वों के द्वारा सोसल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज भेजने को लेकर पुलिस की ओर से गंभीरता दिखलाई जा रही है। ताकि क्षेत्र में हमेशा शांति बना रहे। मामले को लेकर बड़कागांव पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वाले शरारती तत्वों पर पुलिस पैनी नजर रख रही है। पकड़े जाने वालों पर साइबर क्राइम एक्ट के तहत चिन्हित आरोपी पर कार्रवाई करते हुए को निश्चित तौर पर उसे जेल भेजा जाएगा ।

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भोजपुरी, मगही एवं अंगिका को क्षेत्रीय भाषा का विरोध एवं 1932 के आधार पर स्थानीयता नीति लागू करने को लेकर जुलूस एवं विशाल जनसभा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

भोजपुरी, मगही एवं अंगिका को क्षेत्रीय भाषा की सूची से बाहर करने एवं 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति लागू करने को लेकर मूलवासी आदिवासी संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार को जुलूस एवं जनसभा का आयोजन किया गया। विष्णुगढ़ इंटर क०लेज परिसर से निकली भव्य जुलूस में पारंपरिक हथियार, गाजे बाजे एवं बैनर तख्ती लिए बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं नौजवानों ने सरकार के विरोध में नारेबाजी कर विरोध जताया। प्रदर्शनक. ारी झारखंड में भोजपुरी, मगही नाय चलतो। 1932 के खतियान के लागू करे होतो। वीर शहीदो अमर रहे, बिनोद बिहारी महतो, टेकलाल महतो अमर रहे नारेबाजी करते हुए बिष्णुगढ की सड़कों पर प्रदर्शन किया। पूरे विष्णुगढ़ का भ्रमण करते हुए जुलूस रमुवां दुर्गा मंदिर प्रांगण में जनसभा में तब्दील हो गई। सभा में भाषायी आंदोलन के संस्थापक टाइगर जयराम महतो ने कहां कि मुंबई, गुजरात, बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्य अपनी भाषा के बदौलत ही विकास किया है।झारखंड भी अपनी भाषा के बदौलत ही विकास करेगा। भाषा की लड़ाई झारखंडियों की अस्मिता की लड़ाई है। झारखंड के सभी नौकरियों पर झारखंड के लोगों का अधिकार है। यह मिलना चाहिए।कहां कि मुंबई, कोलकाता, तमिलनाडु आदि राज्य अपनी भाषा के बदौलत ही विकास किया है। झारखंड भी अपनी भाषा के बदौलत ही विकास करेगा। भाषा की लड़ाई झारखंडियों की अस्मिता की लड़ाई है। झारखंड के सभी नौकरियों पर झारखंड के लोगों का अधिकार है। यह मिलना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल ने कहा कि झारखंड आंदोलन की लड़ाई में हमलोगों ने विजय पा लिया। अब झारखंड के विकास के लिए एक और लड़ाई लड़ी जा रही है। यहां के रोजगार में स्थानीय लोगों को अधिकार सरकार को देना होगा। झारखंड में भोजपुरी, मगही एवं अंगिका को कदापि स्व. ीकार नहीं किया जाएगा। अधिवक्ता सीबी पटेल ने कहा कि झारखंड में पहला हक यहां के मूलवासियों का है। 1932 का खतियान पर स्थानीयता नीति तय हो। उत्तम महतो ने कहा कि झारखंड का निर्माण भाषा, संस्कृति के आधार पर हुआ था। इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। गुरु प्रसाद साव ने कहा कि यह आंदोलन बाहरी लोगों के विरुद्ध नहीं बल्कि झारखंडियों के हक अधिकार के लिए सरकार से लड़ाई है। तोपचांची से पहुंचे जयराम महतो ने कहा कि मुंबई, गुजरात, बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों ने अपनी भाषा के बदौलत विकास किया है। झारखंड भी अपनी भाषा के बदौलत विकास करेगा। भाषा की लड़ाई झारखंडियों की अस्मिता की लड़ाई है। वहीं प्रतिभा विकास मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार ने कहा कि बाहरी भाषा को लागू कर हमारी भाषा, संस्कृ ति और सभ्यता पर हमला किया जा रहा है। यह हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। जब तक बाहरी भाषा को सरकार वापस नहीं लेती है, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। यह हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेमचंद महतो, टहल महतो, जगरनाथ महतो, हीरामन महतो, गुलाबशंकर महतो, सत्यनारायण महतो, कैलाश महतो, रूपेन्द्र महतो, रीना देवी, संतोष महतो, राजेन्द्र मंडल, सरयू साव समेत कई की अहम भूमिका रही।


विष्णुगढ़ में स्थानीयता नीति तय करने को लेकर निकले जुलूस में शामिल लोग



विष्णुगढ़ में जनसभा को संबोधित करते आदिवासी मूलवासी नेता व अतिथि

## विष्णुगढ़ में पूर्ण कंप्यूटराइज्ड डाइग्निस्टिक लैब आरोग्यम डाइग्निस्टिक का हुआ उद्घाटन

### ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के इलाज में यह आधुनिक सुविधाओं से लैस एडवांस लैब साबित होगा मिल का पत्थर – पारसनाथ मिश्रा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक पर डॉ. एस.एन.लाल क्ली. निक के समीप पारा श्री (मेडीलाइंस) एल.एल.पी. के नए यूनिट आरोग्यम डायगनोस्टिक सेंटर का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट, झारखंड के सदस्य पारसनाथ मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. एस.एन.लाल, डॉ बिपिन प्रसाद, डॉ .विनय पांडेय, डॉ इम्तियाज, डॉ.धनेश्वर कुमार, डॉ.ए.के.विश्वास, डॉ .एस.मंडल, डॉ.अजीत कुमार, डॉ.योगेन्द्र, एचजेडबी आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक हर्ष अजमेरा, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि सह स्थानीय जिला परिषद सदस्य मिथिला पटेल, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि भुनेश्वर पटेल, स्थानीय प्रमोद कुमार सिंह सहित अन्य लोगों उपस्थित हुए और संयुक्त रूप से फीता काटकर और पूजा- अर्चना कर भव्य उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत यहां सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सेंटर के सभी उपकरणो का जायज़ा लिया। सभी ने एकस्वर में कहा कि आरोग्यम डायगनोस्टिक सेंटर के विष्णुगढ़ में खुलने से विष्णुगढ़ सीमा से सटे बोकारो और गिरिडीह क्षेत्र के कई सुदूरवर्ती इलाके के गरीब – गुरबे मरीज़ों को बड़ी राहत मिलेगी। लैब में हजारीबाग के प्रख्यात हजारीबाग पै. थोल०जी के अनुभवी और दक्षता प्राप्त टेक्नीशियन अपनी सेवाएं देंगे । इस नए डायग्नोस्टिक सेंटर में पैथोलॉजी संबंधित सभी तरह का जांच गुणवत्तापूर्ण तरीके से आधुनिक उपकरणों और अनुभवी टेक्नीशियन द्वारा किया जाएगा। डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक हर्ष अजमेरा और प्रमोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया की सेंटर को एक बड़े भवन के कई कमरों में विभाजित कर सुदृढ़ किया गया है। जहां एक ही जगह पर खून, पेशाब, हार्मोन्स, एफ.एन.ए.सी. थायर०इड, पैप स्मीयर, बायोप्सी, अल्ट्रासोना. ग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, कलर डपलर, डिजिटल एक्स- रे, ओ.पी.जी., ई. सी.जी., टी.एम.टी, ई.ई. जी, ई.एम.जी., सहित अन्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराएगी जाएगी । उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट, झारखंड के सदस्य पारसनाथ मिश्रा ने कहा की हजारीबाग, बोकारो और गिरीडीह जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के बेहतर और सटीक इलाज में यह आधुनिक सुविधाओं से लैस एडवांस लैब मील का पत्थर साबित होगा। लैब के संचालक सह आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों का विशेष ख्याल रखकर उनके सहूलियत के लिए यहां यह लैब खोला गया है। उन्होंने कहा कि हम इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है की एक उत्तम स्वास्थ्य ही एक उत्तम भविष्य का निर्माण करता है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हजारीबाग और आ. सपास के ग्रामीण इलाके के मरीजों को उनके अपने जगह पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का विकल्प उपलब्ध करा पाना और लाभान्वित कर पाना हमारा सौभाग्य है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को उत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना हमारा मकसद है और इस दिशा में हम आगे भी प्रयासरत रहेंगे । उद्घाटन के अवसर पर विशेष रूप से लखन खंडेलवाल ,सूरज दीक्षित ,राज वर्मा, रवि सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग भी शामिल रहे ।

## चलकुशा. प्रखंड मुख्यालय में सुन्नी वक्फ बोर्ड को लेकर बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ समरेश प्रसाद भंडार

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



संचालन अंचल निरीक्षक सत्येंद्र कुमार दास ने किया. बैठक में जानकारी ली गई कि प्रखंड में कितने मस्जिद मदरसे सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड से जुड़े हुए. बैठक में लोगों ने जानकारी दी कि इस प्रखंड में में कोई भी मस्जिद मदरसा सुन्नी वक्फ बोर्ड से जुड़ा हुआ नहीं है. सभी स्थानीय कमेटी पर संचालित है. बैठक में कब्रिस. तान की बाउंड्री, कब्रिस्तान तक जाने का रास्ता, ईदगाह समेत कई मुद्दे उठाए गए. जिसमें प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी आश्वासन दिया कि हर संभव मदद की जाएगी. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी, पंसस प्रतिनिधि महबूब अंसारी, मुखिया संघ अध्यक्ष भुनेश्वर दास, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, मुखिया अजहरुद्दीन, समा. जसेवी तफज्जुल हुसैन, प्रधान लिपिक विनोद सिंह, रूपेश कुमार, दाऊद अली, मौलाना अब्दुल गफूर, सलामत अंसारी, सिराज अंसारी, हनीफ अंसारी, यासीन अंसारी आदि लोग मौजूद थे.

## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की गन्दी साजिश पर डी सी और एस पी तत्परता ने फेरा पानी

### शोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज फैलाने वालों पर होगी मुकदमा दर्ज : डी सी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : असामाजिक तत्वों के सामाजिक शौहार्द बिगाड़ने की गंदी साजिश पर शासन व पुलिस की तत्परता ने फेरा पानी। डीसी अंजलि यादव व एसपी राकेश रंजन के सक्रियता से शांति व्यवस्था भंग करने के नकारात्मक मंसूबे हुए नाकाम। डी सी अंजली यादव एवं एस पी राकेश रंजन ने कहा की शोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट मैसेज करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है।जो शोशल मिडीया पर भड़काऊ पोस्ट करेगा उसे पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजेगी।वही इटखोरी में चप्पे-चप्पे में तैनात किये गए है सुरक्षाबल। एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार और डीएसपी मुख्यालय केदार राम के संयुक्त नेतृत्व में अधिकारियों व जवानों ने किया फ्लैग मार्च। अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा, बीडीओ साकेत सिन्हा, पुलिस निरीक्षक सदर सुधीर चौधरी व थाना प्रभारी ईटखोरी नि. रंजन मिश्रा समेत बड़े पैमाने पर जवान रख रहे असमाजिक तत्वों की हर गतिविधि पर निगरानी। एसडीओ ने कहा सामा. जिक सौहार्द बिगाड़ने की नहीं मिलेगी किसी को ईजाजत, सख्ती से निबटेगा जिला प्रशासन। एसडीपीओ को शांति वि. रोधियों का दो टूक। समाज में जहर घोल सौ. हार्द बिगाड़ने की साजिश रचने वालों की खैर नहीं। कहा चिन्हित कर किया जा रहा कठोर कानूनी कारवाई।

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर



## बरही के रूपेश पांडेय की हत्या करने वाले को फाँसी की सजा मांग करते ग्रमीण इलाके के हिन्दू संगठन।

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह सदर प्रखंड के बंद. रकुप्पी, कोटवालडीह ग्राम के हिन्दू संगठनो के लोगो ने बंदरकुप्पी चौक से दुर्गा मंदिर तक पैदल फ्लैग किया तथा केंडल मार्च निकाला और चौक पर हेमंत सोरेन का पुतला भी दहन किया। रूपेश के हत्यारे को न्याय देने की मांग की। और कहा गया कि आज झारखंड सरकार की हर प्रकार से न्याय वेवस्था फैल साबित हो रही है। वार्ड नं0 7 के वार्ड सदस्य प्रभकार पांडेय ने कहा झारखंड सरकार गहरी नींद में सोई हुई है।आज झारखंड में चारो तरफ लूट खसोट,अपरहण,मार–पीट आम बात हो गई है।जिसे जंहा मिल रहा है बेखोप हत्या कर दे रहा है।आज हमारे नोजवान साथियो ने एक जुटता दिखाते हुए केंडल मार्च निकाल कर दुर्गा मंदिर के प्रांगण में 2 मिनट का मौन धारण किया। और सरकार से मांग की गई है कि जल्द से जल्द रूपेश के हत्यारों को फाँसी की सजा मिले तथा कहा कि रूपेश अपने घर के एकमात्र एकलौता पुत्र था। जो घर को चलता था।तथा कहा कि उनके परिवार को 1 करोड़ मुवावजे के रूप में देने की मांग की है।

मौके पर वार्ड सदस्य प्रभाकार पांडेय,मनीष पाण्डेय,अशोक साव, आकाश गुप्ता,समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष चेतलाल साव, अजित पांडेय,दिलीप साव,जितेंद सिंह,आकाश कुमार,महेंद्र राय, सुनील पांडेय, तूफान पांडेय, प्रेम सक्सेना,आदि उपस्तित थे।

## पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीत कर जगदीशपुर ने किया सीरीज अपने नाम

**अपेम लाइव : गांवा**

**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पश्चमी पंचायत के जगदीशपुर खेल मैदान में आयोजित पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जगदीशपुर और सरैयादह के बीच खेला गया जिसमें ट०स जीतकर सरैयादह की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 59 रन पर सिमट गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी जगद. ीशपुर टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 6 ओवर में ही 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और 6 विकेट से फाइनल मुकाबले को जीत कर सीरीज अपने नाम कर लिया। मैन अ०फ द मैच और मैन अ०फ द सीरीज जगदीशपुर टीम के कप्तान सुमित कुमार को दिया गया। उन्होंने पूरे सीरीज के दौरान शानदार बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाया। वहीं शैलेश कुमार इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे जिसने सीरीज में सर्वाधिक 10 विकेट साहिल किया। मौके पर रामस्वरूप प्रसाद यादव, अमित कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, रविन्द्र प्रसाद, सोनू कुमार समेत सैंकड़ों क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## बीडीओ के आश्वाशन के बाद धरना का किया गया समापन

**अपेम लाइव : गांवा**


**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गावां प्रखंड के माल्डा भगत जी चौक के पास मजदूर सेवक मृत्युंजय पांडेय का सात सूत्री मांगों को लेकर चल रहे धरने को चौथे दिन प्रभारी बीडीओ संतोष कुमार प्रजापति व प्रभारी एमओ प्रदीप राम ने माल्डा पहुंचकर तोड़वा दिया। इस दौरान बीडीओ व एमओ ने सभी सात सूत्री मांगों को बारी बारी से बिंदुवार सुनकर पहल करने का आश्वासन दिया। एमओ ने सितंबर माह के राशन को एक सप्ताह के अंदर वितरण करवाने की बात कही। इसके अलावा बीडीओ ने योग्य लाभुकों को आवास और अंबेडकर आवास दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही विधवा पेंशन व वृद्धा पेंशन के छूटे हुए लोगों को जोड़ने की भी बात कही। एमओ प्रदीप राम ने सभी योग्य लाभुकों की सूची अ०नलाइन कराकर छुटे हुए कार्डधारियों को राशन कार्ड से जोड़ने को लेकर आश्वस्त किया। मौके पर एसआई दीपक कुजूर, जिप सदस्य राजेन्द्र चौधरी, अजीत तिवारी समेत दर्जनो लोग उपस्थित थे।

**खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864**



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने युवाओं से दीनदयाल के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। गांवा प्रखंड के माल्डा मंडल भाजपा कार्यालय में आहूत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने दीनदयाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से पं.दीनदयाल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिनोद मिस्टाकार,संसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव,भगवान दास बर्नवाल महामंत्री ललित पाण्डेय,मुन्ना सिंह,गांवा अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे

## 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन सह सम्मान समारोह

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



शुक्रवार को बिरनी प्रखंड मुख्यालय में बीससुत्री कार्यालय का उद्घाटन के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया संयुक्त रुप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया वहीं सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन की गई जहां नव मनोनीत अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्यों को बारी-बारी से माल्यार्पण के साथ बुके देकर स्वागत की गई

मुख्य रूप से बिरनी वीडियो सुनील वर्मा बिरनी प्रखंड खाद आपूर्ति अरुण दास सरिया 20 सूत्री अध्यक्ष रघुनंदन यादव बिरनी 20 सूत्री अध्यक्ष एतवारी वर्मा उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राय मजीद अंसारी रामकृष्ण वर्मा सुखदेव दास अर्जुन मंडल असलम मालिक मो0 मुस्लिम अंसारी बीससुत्री के सदस्यगण मौजूद थे ! इस मौके पर इकबाल अंसारी ने कहा राज्यपाल का अध्यादेश बीससुत्री गठन जारी किया गया है 20 सूत्री अध्यक्ष सरकार के एक अंग बन गए हैं निश्चित रूप से यह अपनी जिम्मेवारी को अब निभाएंगे छोटे-मोटे काम को पहल करने के साथ जो नियम कानून के दायरे से बाहर है उसे भी समझा-बुझाकर जनता की हर काम को आपसी समन्वय बनाकर निपटाने का प्रयास करेंगे वही 20सूत्री अध्यक्ष एतवारी वर्मा ने कहा हेमंत सरकार को मैं अपनी ओर से हार्दिक बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने मुझ पर इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है सरकार ने जो मुझे जिम्मेवारी सौंपी है उस जिम्मेवारी पर पूरी खरा उतरने का प्रयास करूंगा मैं जनता के हर काम को निपटाने का अथक प्रयास करूंगा !उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राय ने कहा कि सरकार की ओर से मुझे जो पद सौंपा गया है मैं उस पद पर पूरी विश्वास के साथ अपनी दायित्व निर्वहन करने का प्रयास करूंगा इस मौके पर सेकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बिहारी शिव मंदिर में यज्ञ एवं ध्वजारोहण के लिए किया गया बैठक

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन रात मेहता**



बिहारी शिव मंदिर में यज्ञ को लेकर एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिहारी पंचायत के मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता ने किया। सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि सोमवार को सुबह 8 बजे ध्वजारोहण के लिए मंदिर के प्रांगन में मंत्रोचारण के साथ किया जाएगा। मौके पर रा. जकुमार मेहता, उगन मा. हतो, दशरथ प्रसाद मेहता, संजीत गिरी, नरेश कुमार माहतो, सौरव राज मेहता, धीरेंद्र कुमार, रामकृपाल मेहता, बालेश्वर गिरी, महेंद्र मेहता, राधे मेहता, चेतो मेहता एव गांव के अन्य लोग मुख्य रूप से शामिल रहे।

APEM LIVE

## शिक्षा सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ शिक्षक संघों की बैठक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



आज दिनांक 9 फरवरी 2022 को को श्री राजेश कुमार शर्मा सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अध्यक्षता में विभिन्न राज्य स्तरीय प्राथमिक, माध्यमिक और अल्पसंख्यक शिक्षक संघों के साथ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित की गई जिसमें विद्यालय ग्रांट एवं एमडीएम संचालित छात्रों को मध्यान भोजन को लेकर खाता संचालन में नई पद्धति भारत सरकार की पीएफएमएस द्वारा राशि निकासी पूरे राज्य स्तर पर मात्र 11 प्रतिशत निकासी पर चिंता व्यक्त की गई और इस नई तकनीकी में आने वाली कठिनाइयों को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने विस्तारपूर्वक बताया गया कि जब तक बीआरसी और जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय को राज्य स्तर पर शिकंजा नही लगाया गया और निकासी को लेकर लचीलापन कार्यो को सरल नहीं किया जाएगा तब तक निकासी को लेकर व्यापक सफलता नहीं मिल सकती है क्योंकि इस इस खाता संचालन को लेकर कमीशन बाजी और भ्रष्टाचार से इंकार नहीं कर सकते संघ ने सुझाव दिया की शिक्षकों सहित बीआरसी अकाउंटेंट और जिला स्तर पर अ०फलाइन और अ०नलाइन व्यापक प्रशिक्षण देना अनिवार्य है और जब भी शिक्षकों द्वारा बीआरसी में बिल जमा किया जाए तो 2 दिन के अंदर में राशि की निकासी की व्यवस्था की जाए समय निर्धारित जब तक नहीं किया जाएगा तब तक कार्य को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है संघ ने कहा की इस कार्य को लेकर शिक्षकों पर कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए विभिन्न जिलों में डीएसइ के पद रिक्त हैं एक एक अधिकारी को लेकर कई जिलों का प्रभार है इस पर मई माह में सभी जिलों में डीएसइ पदस्थापित कर दिए ज ा ए ं ग े बैठक में सचिव द्वारा बताया गया कि ढाई लाख से ऊपर के बिल में विक्रेता द्वारा ही जीएसटी बिल दिया जाएगा उसके लिए बहुत परेशानी की जरूरत नहीं है उससे कम के बिल में जीएसटी की कोई आवश्यकता नहीं है उन्होंने कहा की पीएफएमएस के शुरुआती दिनों में थोड़ी परेशानी होगी लेकिन आगे चलकर यह काम आसान होगा बैठक में प्राथमिक शिक्षा निदेशक निदेशक किरण पासी द्वारा कहा द्वारा पी एफ एम एस के बारे में बताया गया एवं आने वाले दिनों में शिक्षकों का प्रमोशन ,पेंशन आदि समस्याओं को लेकर फिर से बैठक होगी आज की बैठक में प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा प्रदीप कुमार चौबे के अलावा अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ से प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद राजेंद्र शुक्ला राजेंद्र शुक्ला रविंद्र कुमार गंगा यादव सैंडिल कुमार कयामुद्दीन अंसारी, बलजीत कुमार,विजय कुमार आदि लोग शामिल हुए।

## रूपेश पांडेय के आत्मा के शांति के लिएविहिप एवं बजरंग दल ने निकाला कैंडल मार्च

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन रात मेहता**




विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रूपेश पांडेय के आत्म के शांति के लिए पदमा से रोमी बंगला चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। विहिप अध्यक्ष सुबोध कुमार एवं उपाध्यक्ष मुकेश मेहता ने कहा कि जिस प्रकार से बरही दुलमहा नइटांड़ में जिस प्रकार घट्ना घटी है वह काफी निंदनीय है। साथ ही उन्होंने बरही प्रशासन से मांग किया कि सभी नामजाद हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। जब तक प्रशासन आरोपियों को गिरफ्तार नही करती है तब तक हम चुप नही बै. ठेंगे। वहीं अंत मे रूपेश पांडेय के आत्मा के शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर विहिप अध्यक्ष सुबोध शर्मा, उपाध्यक्ष मुकेश मेहता, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष उदय मेहता, रोमी पंचायत के उपाध्यक्ष संजय उर्फ केबी मेहता, बिहारी पंचायत के बजरंग दल के अध्यक्ष संजीत गिरी, सुरेंद्र मेहता, पंकज मेहता, कुलदीप रविदास, दीपक कुमार, सोनु राणा, निशांत सिंह, शंभु मेहता, मजनू कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार



हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।

TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851